राजभाषा अनुभाग, मानव संसाधन विभाग

प्रधान कार्यालय, बेंगलूरु

दिनांक 09-10 अप्रैल को वित्तीय सेवाएं विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय हिंदी सेमिनार

दिनांक 09-10 अप्रैल 2026 को वित्तीय सेवाएं विभाग द्वारा प्रशासनिक नियंत्रणाधीन संगठनों (बैंकों/बीमा कंपनियों/वित्तीय संस्थाओं/विनियामकों) हेतु दो दिवसीय सेमिनार का भव्य आयोजन उदयपुर, राजस्थान में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ श्रीकृष्ण जुगनू, वरिष्ठ साहित्यकार उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री चंद्रदीप कुमार झा, सांख्यिकी सलाहकार, वित्तीय सेवाएं विभाग, भारत सरकार ने की। वित्तीय सेवाएं विभाग के उप सचिव श्री धीरज भास्कर और उप निदेशक श्री धर्मबीर ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

राजभाषा अनुभाग, मानव संसाधन विभाग
प्रधान कार्यालय, बेंगलूरु

कार्यक्रम के प्रथम दिवस में सभी प्रशासनिक नियंत्रणाधीन संगठनों ने अपने संस्थाओं की पीपीटी प्रस्तुतीकरण प्रस्तुत की। केनरा बैंक की ओर से श्रीमती श्रीकला श्रीकुमार, सहायक महाप्रबंधक, राजभाषा अनुभाग, प्रधान कार्यालय ने राजभाषा के क्षेत्र में किए गए और किए जाने वाले नवोन्मेषी कार्यों पर पीपीटी प्रस्तुत की। इसी क्रम में श्रेष्ठ पीपीटी प्रस्तुतीकरण के लिए श्रीमती श्रीकला श्रीकुमार, सहायक महाप्रबंधक, राजभाषा अनुभाग, प्रधान कार्यालय को वित्तीय सेवाएं विभाग के अधिकारीगणों द्वारा पुरस्कृत किया गया। तत्पश्चात राजभाषा अनुभाग, प्रधान कार्यालय, केनरा बैंक द्वारा संपादित "अपनी क्षेत्रीय भाषा को जानें पुस्तिका" (पंजाबी संस्करण) का विमोचन मंच पर उपस्थित सभी गणमान्यों द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के द्वितीय दिवस में केनरा बैंक की गृह पत्रिका 'केनरा ज्योति' को गृह पत्रिका की श्रेणी में 'ग' क्षेत्र के अंतर्गत 'प्रथम' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पुरस्कार को वित्तीय सेवाएं विभाग के सांख्यिकी सलाहकार और वित्तीय सेवाएं विभाग के उप सचिव क्रमश: श्री चंद्रदीप कुमार झा और श्री धीरज भास्कर के करकमलों से श्री बी पी जाटव, मुख्य महाप्रबंधक, मानव संसाधन विभाग, श्रीमती श्रीकला श्रीकुमार, सहायक महाप्रबंधक (राजभाषा) और श्री रवि श्रीराम केवीएस, क्षेत्रीय प्रमुख, क्षेत्रीय कार्यालय, उदयपुर द्वारा प्राप्त किया गया।

धन्यवाद